प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : 601-

विषय कोड :
Subject Code : **106/206/306**

# CLASS - XI ANNUAL EXAMINATION – 2024

# कक्षा - XI वार्षिक परीक्षा – 2024

## HINDI (COMPULSORY)

## हिन्दी (अनिवार्य)

### I. Sc., I. Com. & I. A

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106

**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 20

**Total Printed Pages : 20**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)

[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)

[ Full Marks : 100 ]

---

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— **खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।***
6. ***खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को **नीले / काले** बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. 'पृथ्वीश' शब्द का संधि-विच्छेद है

   (A) पृथ्वी + श
   (B) पृथ्वी + ईश
   (C) पृथ् + वीश
   (D) पृथ्वि + इश

2. निम्नलिखित में कौन विकल्प विसर्ग संधि का उदाहरण है ?

   (A) मनोयोग
   (B) परंतु
   (C) सर्वोदय
   (D) स्वाधीन

3. 'सत् + चरित्र' पदों की संधि है

   (A) सद्भाव
   (B) सच्चरित्र
   (C) साश्चर्य
   (D) सदाचार

4. 'परम + ओजस्वी' पदों की संधि है

   (A) परमौजस्वी
   (B) परमोजस्वी
   (C) परजीवी
   (D) परओजस्वी

5. 'मदमाता' शब्द में कौन समास है ?

   (A) कर्म तत्पुरूष
   (B) करण तत्पुरूष
   (C) अपादान तत्पुरूष
   (D) संबंध तत्पुरूष



www.evidyarthi.in

6. निम्नलिखित में कौन शब्द अव्ययीभाव समास का उदाहरण है ?

(A) पंचवटी
(B) थोड़ा-बहुत
(C) दिगंबर
(D) यथाशक्ति

7. 'वीणापाणि' शब्द में कौन समास है ?

(A) नञ्
(B) द्विगु
(C) बहुव्रीहि
(D) अव्ययीभाव

8. 'बहू-बेटी' शब्द में कौन समास है ?

(A) द्विगु
(B) कर्मधारय
(C) द्वन्द्व
(D) नञ्

9. 'मुझ अभागे ने भी वही गलती की' - किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) संज्ञा पदबंध
(B) सर्वनाम पदबंध
(C) विशेषण पदबंध
(D) इनमें से कोई नहीं

10. 'विभा आज विद्यालय नहीं गई क्योंकि पानी बरस रहा था' - किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य
(B) मिश्र वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) आज्ञावाचक वाक्य

11. 'मैंने खाना नहीं खाया' - किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) विधिवाचक वाक्य
(B) निषेधवाचक वाक्य
(C) आज्ञावाचक वाक्य
(D) प्रश्नवाचक वाक्य

12. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है

(A) उसकी आवाज कान में सुनाई पड़ी
(B) मैंने किताब पढ़ी है
(C) मैं बहुत आनन्द हुआ
(D) पटना में दंगा चल रही है

13. 'आसन' शब्द का विशेषण है

(A) आँसू
(B) आसक्त
(C) आसीन
(D) आसरा

14. 'कलंक' शब्द का विशेषण है

(A) कंठ्य
(B) कलंकित
(C) कलक
(D) किलकारी

15. 'अनुराग' शब्द का विलोम है

(A) विराग
(B) सुराग
(C) सुरंग
(D) विलाप

16. 'अनुकूल' शब्द का विलोम है

(A) विलोम
(B) अधिकुल
(C) प्रतिकूल
(D) प्रतिगामी

17. 'गमन' शब्द का विलोम है

(A) आगमन
(B) बेमन
(C) द्विरागमन
(D) प्रस्थान

18. 'मुँह में कालिख लगाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) मुँह में गंदा लगना
(B) प्रतिष्ठा बढ़ाना
(C) कीर्ति बढ़ाना
(D) कलंक लगाना

19. 'नाच न जाने आँगन टेढ़ा' लोकोक्ति का अर्थ है

(A) न कारण होगा, न कार्य होगा
(B) परिश्रम का फल अवश्य मिलता है
(C) काम न जानना और बहाना बनाना
(D) केवल बाह्य प्रदर्शन



www.evidyarthi.in

20. 'हाथ मलना' मुहावरे का अर्थ है

(A) जीत मान लेना
(B) खुशी मनाना
(C) बात मानना
(D) पछताना

21. 'किसी विषय को विशेष रूप से जाननेवाला' – के लिए एक शब्द है –

(A) कुबेर
(B) अल्पज्ञ
(C) विशेषज्ञ
(D) अज्ञात

22. निम्नलिखित में कौन विकल्प 'खर' शब्द का अनेकार्थी है ?

(A) कनक, धतूरा, सोना
(B) जल, पारा, दूध
(C) अंबर, आकाश, कपड़ा
(D) गधा, तिनका, एक राक्षस

23. 'स्त्री' शब्द का पर्यायवाची है

(A) वनिता
(B) मनोहर
(C) कांत
(D) केशरी

24. 'समुद्र' शब्द का पर्यायवाची है

(A) शर्वरी
(B) अवधूत
(C) नीरनिधि
(D) उरग

25. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद हैं ?

(A) तीन
(B) चार
(C) सात
(D) आठ

26. 'गुलाब' शब्द में प्रत्यय है

(A) आव
(B) आब
(C) गुल
(D) बान

27. 'सुनहरा' शब्द में प्रत्यय है

(A) हरा
(B) हारा
(C) हला
(D) हाला

28. 'रँगीला' शब्द में प्रत्यय है

(A) इला
(B) ईला
(C) ई
(D) इ

29. 'सुभाषित' शब्द में उपसर्ग है

(A) शुभ
(B) षित
(C) सु
(D) सुभा

30. 'प्रलय' शब्द में उपसर्ग है

(A) य
(B) प्रल
(C) परा
(D) प्र

31. 'उपनाम' शब्द में उपसर्ग है

(A) नाम
(B) उप
(C) उत्
(D) उद्

32. रचना अथवा बनावट के विचार से शब्द के कितने प्रकार हैं ?

(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) पाँच

33. निम्नलिखित में कौन शब्द रूढ़ शब्द का उदाहरण है ?

(A) दशानन
(B) जलज
(C) पीला
(D) पंकज

34. 'घुड़–सवार' शब्द किस शब्द का उदाहरण है ?

(A) रूढ़ शब्द

(B) यौगिक शब्द

(C) योगरूढ़ शब्द

(D) इनमें से कोई नहीं

35. निम्नलिखित में कौन शब्द तद्भव शब्द का उदाहरण नहीं है ?

(A) आग

(B) फूल

(C) मोर

(D) वत्स

36. 'पगड़ी' शब्द है

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशी

37. 'मोहन धीरे–धीरे टहलता है' – यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) समुच्चयबोधक का

(B) संबंधबोधक का

(C) क्रियाविशेषण का

(D) इनमें से कोई नहीं

38. 'वैभव गीत गा रहा था' – वाक्य किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमान काल का

(B) भूतकाल का

(C) भविष्यत काल का

(D) संभाव्य भविष्य का

39. 'वह नहाकर मंदिर गया' – इस वाक्य में क्रिया है

(A) इच्छाबोधक संयुक्त क्रिया

(B) पूर्वकालिक क्रिया

(C) क्रियार्थक संज्ञा

(D) प्रेरणार्थक क्रिया

40. 'मेरा कुत्ता काला है' – इस वाक्य में विशेषण है

(A) मेरा

(B) कुत्ता

(C) काला

(D) इनमें से कोई नहीं

41. 'मध्यम पुरुष' किस सर्वनाम का भेद है ?

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम का
(B) निजवाचक सर्वनाम का
(C) संबंधवाचक सर्वनाम का
(D) प्रश्नवाचक सर्वनाम का

42. 'मैंने कुछ नहीं खाया' - इस वाक्य में 'कुछ' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निजवाचक सर्वनाम का
(B) निश्चयवाचक सर्वनाम का
(C) अनिश्चयवाचक सर्वनाम का
(D) प्रश्नवाचक सर्वनाम का

43. 'मुझे अपनी कमाई से खाना मिलता है' – इस वाक्य में कौन कारक है ?

(A) कर्ता कारक
(B) कर्म कारक
(C) करण कारक
(D) अपादान कारक

44. 'महेश की किताब' – इस वाक्य में कौन कारक है ?

(A) संबंध कारक
(B) संप्रदान कारक
(C) अपादान कारक
(D) अधिकरण कारक

45. 'नदी' शब्द का बहुवचन है

(A) नदाओं
(B) नदीये
(C) नदे
(D) नदियाँ

46. 'आशीर्वाद' शब्द किस लिंग का उदाहरण है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

47. 'लिखावट' शब्द किस लिंग का उदाहरण है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं



www.evidyarthi.in

48. निम्नलिखित विकल्पों में कौन विकल्प भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) वाराणसी
(B) मंत्री
(C) नम्रता
(D) हीरा

49. 'मंडल' शब्द में संज्ञा है

(A) जातिवाचक संज्ञा
(B) भाववाचक संज्ञा
(C) समूहवाचक संज्ञा
(D) द्रव्यवाचक संज्ञा

50. 'न' का उच्चारण स्थान है

(A) कंठ
(B) तालु
(C) दंत
(D) ओष्ठ

51. ऊष्म व्यंजनों की संख्या है

(A) तीन
(B) चार
(C) पाँच
(D) सात

52. निम्नलिखित में कौन दीर्घ स्वर है ?

(A) अ
(B) इ
(C) ई
(D) उ

53. निम्नलिखित में कौन शीर्षक पाठ कहानी नहीं है ?

(A) पूस की रात
(B) कविता की परख
(C) सिक्का बदल गया
(D) भोगे हुए दिन

54. 'चलचित्र' शीर्षक पाठ के लेखक हैं

(A) कुमार गंधर्व
(B) सत्यजित राय
(C) हरिशंकर परसाई
(D) कृष्ण कुमार

55. 'गाँव के बच्चों की शिक्षा' शीर्षक पाठ के लेखक हैं

(A) फणीश्वरनाथ रेणु (B) हरिशंकर परसाई

(C) रामचंद्र शुक्ल (D) कृष्ण कुमार

56. निम्नलिखित में किस शीर्षक पाठ के लेखक रामचंद्र शुक्ल हैं ?

(A) कविता की परख (B) आँखों देखा गदर

(C) चलचित्र (D) एक दीक्षांत भाषण

57. 'भोगे हुए दिन' शीर्षक पाठ की विधा है

(A) निबंध (B) कहानी

(C) यात्रावृत्तांत (D) व्यंग्य–भाषण

58. 'कविता की परख' शीर्षक पाठ की विधा है

(A) कहानी (B) कविता

(C) निबंध (D) रिपोर्ताज

59. ओदोलेन स्मेकल रचित पाठ का नाम है

(A) मेरी वियतनाम यात्रा (B) उतरी स्वप्न परी : हरी क्रांति

(C) सूर्य (D) चलचित्र

60. प्रेमचंद ने किस नाम से आरंभिक लेखन कार्य किया ?

(A) नवाब राय (B) गणपत राय

(C) साहब राय (D) कौशल राय

61. 'मातृभूमि' शीर्षक कविता के कवि हैं

(A) नागार्जुन (B) त्रिलोचन

(C) नरेश सक्सेना (D) अरुण कमल



www.evidyarthi.in

62. 'बहुत दिनों के बाद' शीर्षक पाठ की विधा है

(A) कविता
(B) कहानी
(C) निबंध
(D) आत्मकथा

63. निम्नलिखित में कौन कहानी युद्ध की पृष्ठभूमि में जिजीविषा और आशा की किरण दिखाती है ?

(A) पूस की रात
(B) भोगे हुए दिन
(C) सफेद कबूतर
(D) पागल की डायरी

64. किसने, कुल 43 वर्ष के जीवन काल में अनेक विवादास्पद, चर्चित और विशिष्ट कहानियाँ लिखीं ?

(A) सआदत हसन मंटो
(B) लू शुन
(C) न्गूयेन क्वांग थान
(D) इनमें से कोई नहीं

65. निम्न में कौन महान् विचारक, राजनीतिक टिप्पणीकार और आधुनिक चीनी साहित्य के प्रणेता माने जाते हैं ?

(A) न्गूयेन क्वांग थान
(B) सआदत हसन मंटो
(C) लू शुन
(D) हेनरी लोपेज

66. बीसवीं शती के आठवें दशक में लेखन प्रारंभ करने वाले हिन्दी की प्रगतिशील यथार्थवादी भावधारा के महत्त्वपूर्ण कवि हैं –

(A) अरुण कमल
(B) नरेश सक्सेना
(C) केदारनाथ सिंह
(D) त्रिलोचन

67. त्रिलोचन का पहला कविता संकलन है

(A) धरती
(B) अरघान
(C) चैती
(D) अमोला

68. केदारनाथ सिंह ने बीसवीं शती के किस दशक में कविता लेखन प्रारंभ किया ?

(A) छठे दशक में
(B) नवें दशक में
(C) आठवें दशक में
(D) सातवें दशक में

69. नरेश सक्सेना का जन्म-स्थान है

(A) वाराणसी, उत्तर प्रदेश
(B) ग्वालियर, मध्य प्रदेश
(C) रायगढ़, महाराष्ट्र
(D) बेलगाँव, कर्नाटक

70. प्रेमचंद के माता-पिता का नाम था

(A) सुलक्षणा देवी एवं किशोर राय
(B) सानंदी देवी एवं अवधपति राय
(C) अमोला देवी एवं अवधेश राय
(D) आनंदी देवी एवं मुंशी अजायब राय

71. रामचंद्र शुक्ल ने किस पत्रिका का संपादन किया ?

(A) माधुरी
(B) नागरी प्रचारिणी सभा
(C) मर्यादा
(D) प्रताप

72. 1857 के गदर का आँखों देखा विस्तृत विवरण प्रामाणिक रूप में किसने प्रस्तुत किया है ?

(A) विष्णुभट गोडसे वरसईकर
(B) सत्यजित राय
(C) भोला पासवान शास्त्री
(D) ओदोलेन स्मेकल

73. निम्नलिखित में कौन कालपी से पंद्रह हजार फौजें लेकर निकला और डबल कूच करता हुआ झाँसी पहुँचा ?

(A) बाजीराव प्रथम
(B) तात्या टोपे
(C) अली बहादुर द्वितीय
(D) कुँवर सिंह

74. लता मंगेशकर के पिता का नाम था

(A) दीनदयाल मंगेशकर
(B) दीनानाथ मंगेशकर
(C) दिवाकर मंगेशकर
(D) दयानाथ मंगेशकर



www.evidyarthi.in

75. निम्नलिखित में कौन विश्व सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ सम्मान 'आस्कर पुरस्कार' मे सम्मानित हैं ?

(A) कुमार गंधर्व
(B) सत्यजित राय
(C) उपेन्द्र किशोर राय
(D) श्याम बेनेगल

76. वियतनाम की राजधानी है

(A) बैंकाक
(B) टोक्यो
(C) हानोई
(D) बीजिंग

77. 'शाहनी' किस कहानी की मुख्य पात्रा है ?

(A) पूस की रात
(B) सिक्का बदल गया
(C) भोगे हुए दिन
(D) इनमें से कोई नहीं

78. 'कोसी जिधर से गुजरती, धरती ............... हो जाती' – रिक्त स्थान में क्या होगा ?

(A) उर्वर
(B) उपजाऊ
(C) हरी–भरी
(D) बाँझ

79. निम्नलिखित में किनकी ख्याति व्यंग्यकार के रूप में है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल की
(B) अज्ञेय की
(C) हरिशंकर परसाई की
(D) कृष्ण कुमार की

80. 'हूटिंग' शब्द का अर्थ है

(A) पढ़ाई का अंत होना
(B) शोर–गुल करते हुए बहिष्कार करना
(C) सबके ऊपर
(D) तरोताजा

81. कोणार्क का मशहूर है

(A) हनुमान मंदिर
(B) जल मंदिर
(C) देवी मंदिर
(D) सूर्य मंदिर

82. 'हंस' पत्रिका का संपादन किसने किया ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल ने
(B) प्रेमचंद ने
(C) सत्यजित राय ने
(D) नागार्जुन ने

83. निम्नलिखित में कौन 2005 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'पद्मश्री' अलंकरण से अलंकृत हैं ?

(A) कृष्णा सोबती
(B) मेहरुन्निसा परवेज़
(C) नासिरा शर्मा
(D) क्षमा शर्मा

84. 'मुशायरा' शब्द का अर्थ है

(A) स्नानघर
(B) भौंचक्का
(C) कवि सम्मेलन
(D) खुशनसीब

85. फ्रांस द्वारा शासित, पश्चिमी अफ्रीका के एक छोटे से देश में किस लेखक का जन्म हुआ था ?

(A) कमारा ल्ये
(B) न्गुयेन क्वांग थान
(C) सआदत हसन मंटो
(D) लू शुन

86. अपभ्रंश भाषा का परवर्ती रूप है

(A) पालि
(B) प्राकृत
(C) अवहट्ट
(D) इनमें से सभी

87. कवि विद्यापति के शिक्षा गुरू कौन थे ?

(A) पं० हरि मिश्र
(B) पं० रमाशंकर मिश्र
(C) पं० विद्याधर मिश्र
(D) पं० हीरालाल मिश्र



www.evidyarthi.in

88. 'बीजक' के रचनाकार हैं

(A) विद्यापति (B) तुलसीदास

(C) सूरदास (D) कबीरदास

89. मीरा का विवाह किसके साथ हुआ था ?

(A) राणा सांगा से (B) राणा भोजराज से

(C) राणा प्रताप से (D) राणा कुंभा से

90. 'राम तजूँ पै गुरू न बिसारूँ' – पंक्ति किसकी है ?

(A) मीराबाई की (B) दयाबाई की

(C) सहजोबाई की (D) इनमें से कोई नहीं

91. अंग्रेज शासन सारी सुविधाओं से युक्त होने पर भी किसको कष्टकर प्रतीत होता है ?

(A) भारतेन्दु हरिश्चंद्र को (B) नागार्जुन को

(C) त्रिलोचन को (D) केदारनाथ सिंह को

92. निम्नलिखित में कौन कवि राष्ट्रकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं ?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (D) नागार्जुन

93. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की पत्नी का नाम था

(A) सुलोचना देवी (B) देवकांति देवी

(C) मनोहरा देवी (D) आनंदी देवी

94. पत्थर तोड़ने वाली स्त्री को कवि निराला ने किस पथ पर देखा था ?

(A) वाराणसी के पथ पर (B) इलाहाबाद के पथ पर

(C) अल्मोड़ा के पथ पर (D) मिर्जापुर के पथ पर

95. बहुत दिनों के बाद किसने जी-भर तालमखाना खाया ?

(A) नरेश सक्सेना ने
(B) केदारनाथ सिंह ने
(C) त्रिलोचन ने
(D) नागार्जुन ने

96. कवि त्रिलोचन अपनी कविता में किसे अपनो से अपना कहते हुए हिन्दी जनता का जातीय कवि बताते हैं ?

(A) मिर्जा ग़ालिब को
(B) इकबाल को
(C) मेहदी हसन को
(D) लाल सहगल को

97. पठित पाठ में कवि केदारनाथ सिंह किससे प्रश्न करते हैं ?

(A) जगरनाथ से
(B) कैलाशनाथ से
(C) काशीनाथ से
(D) हरिनाथ से

98. पृथ्वी के गर्भ के केन्द्र में क्या है ?

(A) वायु
(B) अग्नि
(C) सूर्य
(D) चन्द्र

99. 'अपनी केवल धार' कृति के कृतिकार हैं

(A) नरेश सक्सेना
(B) कृष्ण कुमार
(C) अरुण कमल
(D) अज्ञेय

100. 'हहाना' शब्द का अर्थ है

(A) हलचल उत्पन्न करना
(B) उत्कट अभिलाषा से भर उठना
(C) आसानी से न मिलने वाला
(D) एक प्रकार का मेवा



www.evidyarthi.in

## खण्ड - ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखें : 1 × 8 = 8

   (i) मेरे प्रिय रचनाकार

   (ii) मेरा शहर

   (iii) जीवन में जल का महत्त्व

   (iv) स्वास्थ्य का महत्त्व

   (v) आदर्श नागरिक के कर्त्तव्य

   (vi) लोकतंत्र

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2 × 4 = 8

   (i) "अंधकार के उस अनंत सागर में यह प्रकाश एक नौका के समान हिलता, मचलता हुआ जान पड़ता था ।"

   (ii) "जिन्हें विश्वास न हो, वे स्वयं आकर देख जाएँ - प्राणों में घुले हुए रंग धरती पर किस तरह फैल रहे हैं – फैलते जा रहे हैं ।"

   (iii) "हिंदु कहें मोहि राम पियारा, तुर्क कहें रहमाना ।
   आपस में दोउ लड़ी-लड़ी मूए, मरम न कोउ जाना ।।"

   (iv) "कितने ताप कितने दबाव और कितनी आर्द्रता से
   अपने कोयलों को हीरों में बदल देती हो
   किन प्रक्रियाओं से गुजर कर
   कितने चुपचाप
   रत्नों से ज्यादा रत्नों के रहस्यों से
   भरा है तुम्हारा हृदय"

3. अपनी यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र के पास पत्र लिखें ।

**अथवा**

मोहल्ले में जल भराव की समस्या के निदान हेतु नगर निगम के अध्यक्ष के पास आवेदन-पत्र लिखें । 5 × 2 = 10

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दें :

(i) अरुण कमल का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(ii) कवि नरेश सक्सेना को पृथ्वी स्त्री की तरह क्यों लगती है ?

(iii) कवि केदारनाथ सिंह को अपने शब्दों से झूठ की गंध आने का संशय क्यों होता है ?

(iv) ग़ालिब ने अक्षर में अक्षर की महिमा किस तरह जोड़ी ?

(v) कवि नागार्जुन ने 'अपने गाँव की धूल' को क्या कहा है और क्यों ?

(vi) दीक्षांत समारोह में नेता जी का मन क्या देखकर आनंदित हो उठा ?' एक दीक्षांत भाषण' शीर्षक पाठ के आधार पर बताएँ ।

(vii) सुदामाजी की किस कथा का उल्लेख लेखक फणीश्वरनाथ रेणु ने अपने पाठ में किया है ?

(viii) शेरा कौन है और उसके साथ शाहनी का क्या संबंध है ?

(ix) हल्कू खेत पर कहाँ और कैसे रात बिता रहा था ?

(x) स्वर संधि के भेदों का सोदाहरण उल्लेख करें ।



www.evidyarthi.in

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दें : 3 × 5 = 15

(i) 'पूस की रात' शीर्षक कहानी का सारांश लिखें ।

(ii) उपमा क्या है ? कविता में उपमा का प्रयोग क्यों किया जाता है ?

(iii) 'बहुत दिनों के बाद' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखें ।

(iv) कविता में जगरनाथ के ललाट पर उग आए गुम्मट का विवरण क्यों दिया गया है ?

(v) विद्यापति विरही नायिका से क्या कहते हैं ? उनके कथन का क्या महत्त्व है ?

(vi) उपसर्ग और प्रत्यय के अंतर को स्पष्ट करें ।

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** का संक्षेपण कीजिए : 1 × 4 = 4

(i) धर्म एक व्यापक शब्द है । मजहब, मत, पंथ अथवा संप्रदाय सीमित रूप हैं । विश्व के सभी धर्म मूल रूप से एक ही हैं । सभी धर्म मनुष्य को सद्व्यवहार सिखाते हैं । ईश्वर किसी विशेष जाति-धर्म के न होकर सबों के लिए समान हैं । सभी प्राणियों में एक जैसा प्राण स्पंदन होता है । उनके रक्त का रंग भी एक ही है । आकृति और वर्ण, वेश-भूषा और रीति-रिवाज तथा नाम, ये सभी ऊपरी वस्तुएँ हैं । ईश्वर ने मनुष्य या इंसान को बनाया है और इंसान ने धर्म या मजहब को । सबसे बड़ा धर्म इंसानियत है ।

(ii) विद्यार्थी काल में जो संस्कार पड़ जाते हैं, जीवनभर वही संस्कार अमिट रहते हैं । यदि यह नींव दृढ़ बन जाती है, तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है । जो मन लगाकर पढ़ाई कर लेता है, उसे ज्ञान की प्राप्ति होती है तथा उसका स्वस्थ मानसिक विकास भी होता है । जिस प्रकार शुरू से ही पौधे की अच्छी देखभाल करने से, समय से उसमें से खर-पतवार निकालकर जरूरत के अनुसार खाद-पानी डालने से उसमें अच्छे किस्म के फूल आते हैं । इन फूलों से वातावरण सुरम्य और सुरभित हो उठता है, ठीक उसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियम के साँचे में ढल जाता है, वह भविष्य में सुयोग्य नागरिक बनकर अपने राष्ट्र का कल्याण करता है ।



www.evidyarthi.in